| Sr. No. | Loan Account Number | Name of Original Borrower/ Co-Borrower/ Guarantor | Date of 13-2 Notice | Date of Possession | Current Outstanding balance as on 03.09.2024 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 45059440000652 | (1) Md. Shahnawaz Alam, S/o. Irhad Alam, (2) Mrs. Nurjahan Khatoon, W/o. Irhad Alam | 14/09/2023 | 27/08/2024 | Rs.11,52,338/-(Rupees Eleven Lakh Fifty Two Thousand Three Hundred Thirty Eight Only) |
| | Details of Secured Asset: All That piece and parcel of land bearing area- 9.5 Decimal, Thana No. 50, Khata No. 51, Khesra No. 460, Dist - Muzaffarpur, Bihar. The aforesaid landed property is butted and bounded as follows: East: Md Nasrullah, West: Nij Lekhakari ka Makan, North: Gramin Cemented Road, South: Md Jilani. | | | | |

Please note Borrower/ Co-Borrower/ Guarantor/ Mortgagor are hereby notified to pay the sum as mentioned above along with up to date interest and ancillary expenses within **30 days** from the date of Publication of this notice, failing which the above secured assets will be brought for sale by the authorised officer by exercising the powers conferred under Rule 8(6) & Rule 9 of the Security Interest Enforcement rules 2002.

Date: 05-09-2024, Place: Muzaffarpur — Sd/- Authorised Officer, For Jana Small Finance Bank Limited

# आम आदमी पार्टी ने बेगूसराय सांसद के खिलाफ किया प्रदर्शन

## पुतला फूंक कर जताया विरोध , मुकदमा वापस लेने की मांग




**बेगूसराय/संवाददाता।** बेगूसराय के सासंद सह भारत सरकार के मंत्री गिरीराज सिंह के उपर जिले में धार्मिक उन्माद फैलाने एवं फर्जी मुकदमें में आम आदमी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष व वार्ड पार्षद मोहम्मद शहजादुज्जमा उर्फ सैफी को फंसाए जाने का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी बेगूसराय के कार्यकताओं ने प्रदर्शन करते हुए जिला मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का पुतला फूंका है।जुलुस की शक्ल में सैंकड़ो की संख्या में कार्यकर्त्ता डीएम आफिस पहुंचे और जमकर नारेबाजी करते हुए सांसद सह केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का पुतला दहन किया।मौके पर आम आदमी पार्टी के जिला प्रभारी सह अधिवक्ता शिवदयाल ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे सांसद जो भारत सरकार में मंत्री भी हैं,धार्मिक उन्माद के सहारे बेगूसराय के गंगा-जमुनी संस्कृति को भंग करना चाहते हैं।बलिया में हमारे पार्टी के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद सैफी के साथ जनता की समस्याओं को उनके समक्ष रखने के समय जो कुछ भी हुआ वह बलिया के साथ-साथ जिले की शांति व्यवस्था को भंग करने एवं धर्म के आधार पर राजनितिक लाभ लेने का प्रयास था।इसके पूर्व भी सांसद रजौड़ा,खातोपुर, लखमिनियां सहित अनेक जगहों पर इस तरह का प्रयास कर चुके हैं।जिससे जिले की जनता स्थानीय प्रशासन एवं राज्य की सरकार अवगत है।मौके पर अधिवक्ता अभिषेक जायसवाल ने कहा कि बेगूसराय सांसद का इस तरह का प्रयास समाज के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन के लिए भी एक गंभीर चुनौती है। संविधान की शपथ लेकर धर्म के आधार पर भेदभाव करना संविधान की मयार्दा के विपरीत है।उन्होंने कहा कि मोहम्मद सैफी को माननीय न्यायालय से जमानत मिलने से आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं में खुशी का माहौल है।माननीय न्यायालय से जमानत मिलना यह साबित करता है कि प्रथम दृश्यत्या मोहम्मद सैफी के उपर दर्ज एफ आई आर फर्जी है।मौके पर पार्टी नेत्री डॉक्टर मीरा सिंह ने जल्द से जल्द मोहम्मद सैफी के उपर किये गए फर्जी मुकदमें को वापस लेने की मांग की,नहीं तो आगे आंदोलन जारी रखने की बात कही।पुतला दहन कार्यक्रम में अविनव कुमार,जितेन्द्र राय,रामाश्रय पासवान,गोविन्द सहनी,सुधीर कुमार सिंह,सुमन प्रसाद सिंह,दिव्यरंजन,प्रमिला देवी,चंदन कुमार,सिकंदर पटेल, किशोरी सिंह,राजेन्द्र रजक, सुरेन्द्र साह,राजेश कुमार,सुनील सिन्हा,धर्मेंद्र साह सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

# अंतरजिला ई-रिक्शा लूटेरा व नशा खुरानी गिरोह का उद्भेदन

## नशा खिलाकर ई-रिक्शा लूटने एवं हत्या का भी है आरोप



**नावकोठी/बेगूसराय/संवाददाता।** नावकोठी पुलिस को मिली बड़ी सफलता। अंतर जिला ई रिक्शा लेकर फरार होने वाले नशा खुरानी गिरोह का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है।नावकोठी थाना कांड संख्या 53/24 तुलसीपुर बखरी से किराया पर ई रिक्शा नावकोठी क्षेत्र जाने के लिए लिया था।रास्ते में पीने वाला माजा में नींद की गोली खिलाकर ई रिक्शा चालक दो बच्चों को समसा लेबरा चौर में बेहोशी की हालत में फेंक कर ई रिक्शा लेकर फरार हो गया था।इसी तरह का एक मामला नालंदा जिला के रहुई थाना में ई रिक्शा चालक की हत्या कर ई रिक्शा लेकर फरार हो गया था।इसके अनुसंधान में रहुई नालंदा की टीम नावकोठी थाना आई।उक्त कांड में गिरफ्तार व्यक्ति नावकोठी थाना के जद्दू सहनी के पुत्र अजय चौधरी उर्फ अजय केवट है।यह कई वर्षो से बाढ़ नवादा थाना एनटीपीसी में घर बनाकर रहने लगा था।उसकी पहचान पर रहुई में हुई हत्या कर फरार ई रिक्शा नावकोठी थाना के समसा से बरामद हुआ है।इसके बाद उक्त गिरफ्तार व्यक्ति का हुलिया देखकर नावकोठी कांड संख्या 55/24 से मिलने के कारण पूछताछ के क्रम में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया।जिसके निशानदेही पर लेबरा चौर से नशा खिलाकर चोरी किया गया ई रिक्शा मुंगेर जिला के कासिम बाजार थाना से बरामद किया गया।उसी के निशान देही पर बखरी थाना कांड संख्या 255 /24 का ई रिक्शा बाढ से बरामद किया गया है।इसमें बखरी थानाध्यक्ष विकास राय,नावकोठी थानाध्यक्ष दिनेश कुमार की अहम भूमिका के कारण अंतर जिला ई-रिक्शा नशा खुरानी गिरोह का पदार्फाश हुआ है।

## अपराधी वर्ग का पोषक है आम आदमी पार्टी : नवीन

**बेगूसराय/संवाददाता।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नवीन कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री सह बेगूसराय के लोकप्रिय सांसद गिरिराज सिंह पर हमला करने वाले आम आदमी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष मोहम्मद सैफी एवं उनके साथियों द्वारा आज उनका पुतला दहन किया गया, जो कि घोर निंदनीय हैं।उन्होंने बताया कि भारत में लोकतांत्रिक मूल्यों की दुहाई देने वाला दल आज आपराधिक कृत्य में शामिल लोगों के साथ है।लोकतंत्र में विरोध जायज है पर उसके सहारे हमला या असामाजिक कृत्य बिल्कुल निंदनीय है।संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति पर हमला करने वालों का साथ देना उनके गलत नीतियों को दशार्ता है।ऐसे लोग देश की एकता व अखंडता के लिए भी खतरा है।आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेता भ्रष्टाचार में संलिप्तता के कारण जेल में हैं और कुछ बेल पर हैं।कुछ खास समुदाय के लोग जो बेगूसराय की एकता-अखंडता एवं शांति-सद्भावना को बिगड़ने की कोशिश करते हैं ऐसे देश विरोधी ताकतों को हम जड़ से उखाड़ फेंकेंगे।गिरिराज सिंह बेगूसराय के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।बेगूसराय की समस्त जनता एवं एनडीए कार्यकर्त्ता उनके साथ मजबूती से खड़े हैं।



## महिलाओं ने दो सौ पौधे वितरण किये

**बेगूसराय/संवाददाता।** लेट्स इंस्पायर बिहार गार्गी अध्याय बेगूसराय और सीडी फोर्ट विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शहर के एक होटल में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।स्वागत समन्वयक मंजू सनगही ने किया।सदर प्रखंड प्रमुख पल्लवी झा, मेयर पिंकी देवी,उपमेयर अनीता राय,शिक्षक संघ के महासचिव मुकेश कुमार प्रियदर्शी, कवि प्रफुल्ल मिश्रा, रिटायर शिक्षिका समाजसेवी लेखिका मुकुल लाल इल्तिजा, बिन्दु चौधरी,मंजू सनगही ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए 200 पौधे का वितरण किया गया।सीडी फोर्ट के बच्चे नृत्य और गायन से अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिए।मुख्य समन्वयक बिन्दु चौधरी ने बताया कि शिक्षक दिवस का थीम है सतत भविष्य के लिए शिक्षकों को सशक्त बनाना।शिक्षक हमारे हमारे बच्चों के भविष्य निमार्ता हैं।शिक्षक का सम्मान चादर मधुबनी पेंटिंग,गीता और पौंधा देकर सम्मानित किया गया।



## मटिहानी विधायक की पहल पर बाढ़पीड़ितों के बीच राहत सामग्री का वितरण

**बेगूसराय/संवाददाता।** मटिहानी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र गोरगामा पंचायत के कासीमपुर में फीडिंग इंडिया कंपनी के द्वारा विधायक मटिहानी सह सचेतक राजकुमार सिंह के मांग पर बाढ़ पीड़ितों के बीच दैनिक उपयोगी वस्तु एवं खाद्यान्न पदार्थो का आपूर्ति किया गया।इस कार्यक्रम के सफल संयोजन में फीडिंग इंडिया के प्रतिनिधि पल्लव कुमार का अहम योगदान रहा।मौके पर सैकड़ों बाढ़ पीड़ित सहित विधायक के निजी सचिव वीरेश,चन्दन,मंटून समेत कई लोग उपस्थित हुए।




## अपहृत लड़की बरामद

**नावकोठी/बेगूसराय/संवाददाता।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हसनपुर बागर से लड़की के अपहृत होने का मामला नावकोठी थाना में दर्ज करवाया गया था।हसनपुर बागर निवासी भुवनेश्वर पासवान ने अपनी पुत्री एकता कुमारी को अपहृत कर लेने का मामला नावकोठी थाना में काण्ड संख्या 156/24 दर्ज करवाया था।थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि दर्ज मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नावकोठी पुलिस ने अपहृत लड़की को बेगूसराय रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया।लड़की बरामदगी के बाद भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 183 के तहत बेगूसराय न्यायालय में बयान दर्ज करवाया गया।लड़की बरामदगी मामले में पीएसआई रंजीत कुमार और पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## मूसलाधार बारिश से लोगों को गर्मी से मिली राहत

**भगवानपुर/बे./सं।** लगभग एक पक्ष के बाद बुधवार को दोपहर में प्रखंड क्षेत्र में मूसलाधार बारिश होने से जहां प्रखंड क्षेत्र के लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है।वहीं खरीफ फसल को भी फायदा हुआ है।जिससे किसानों में खुशी देखी जा रही है।पीछ्ले लगभग दस पन्द्रह दिनों से प्रखंड क्षेत्र में आग उगलने वाली तेज धूप के कारण जहां धूप में निकलते ही लोगों का शरीर तपने लगता था वहीं दोपहर में मकई की फसलें मुरझाए दिखते थे।क्षेत्र के किसान रोज आसमान की ओर टकटकी लगाए बारिश का इंतजार कर रहे थे।बुधवार को हुए मूसलाधार बारिश से मकई,मिर्चाई,धान आदि की फसल को फायदा हुआ है। विदित हो कि प्रखंड क्षेत्र स्थित अतरुआ, भगवानपुर, सूर्यपुरा, बनवारीपुर, पाली, तेयाय, पासोपुर, बसही, दहिया, लखनपुर, मल्हीपुर, चुरामनचक , मोखतियारपुर बहियार में मकई की फसलें लहलहा रही है। जिसे देखकर क्षेत्र के किसान फुले नहीं समा रहे हैं।

# प्रखंड समन्वय समिति की बैठक



**वीरपुर/बेगूसराय/संवाददाता।** बुधवार को प्रखंड कार्यालय वीरपुर में प्रखंड समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई।इसकी अध्यक्षता बीडीओ पंकज कुमार शक्तिधर ने की।इस बैठक में प्रखंड स्तरीय विभिन्न विभागों के पदाधिकारी शामिल हुए।बैठक में आईसीडीएस,श्रम संसाधन, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, मनरेगा,जीविका सहित विभिन्न विभागों की संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के आम जनता का विभाग के प्रति विश्वास की कड़ी मजबूत होनी चाहिए।किसी भी आम जनता का किसी भी काम के लिए परेशानी नहीं उठाना पड़े। इसका विशेष रूप से ख्याल रखा जाना चाहिए।इस दौरान बीडीओ ने प्रखंड क्षेत्र में संचालित सरकारी योजनाओं की गहन समीक्षा की।साथ ही उपस्थित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों से अद्यतन जानकारी भी ली।इस दौरान उन्होंने कार्य में तेजी लाने व लंबित मामलों की शीध्र निष्पादन करने का आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभाग के पदाधिकारी को दिए।मौके पर बीपीआरओ विभा रानी,सीडीपीओ नितेश कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मंदीप कुमार प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी रत्नेश कुमार,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नेहाल फारुख, जीविका के क्षेत्रीय समन्वयक सूर्येश कुमार समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## हरिन्द्रनाथ की दूसरी पुण्यतिथि पर शिव चर्चा

**मंझौल/बे./सं।** शिव समान कोई देवता नहीं, शिव के समान कोई दानी नहीं शिव के समान कोई योद्धा नहीं शिव के समान कोई गति नहीं। शिव के साथ ही सृष्टि और मानवता सबल होगी।ये विचार बुधवार को चौठैया टोला में शिव शिष्य परिवार द्वारा हरिन्द्रानंद की दुसरी पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम में रामनरेश सिंह ने व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि हरिन्दरानंद ने शिव की महिमा शिव शिष्य परिवार की स्थापना कर एक नायाब उदाहरण दिया।उन्होंने कहा कि शिव में ही संसार समाहित है। शिव प्रकृति के सर्जक हैं। शिव मृत्यु के देवता हैं।मौके पर से शिव शिष्य परिवार के साधक संत कुमार ने कहा कि शिव शिष्य परिवार का उद्देश्य शिव महिमा से इहलौकिक को परिचित कराना है।शिव और शक्ति को समझना और आत्मसात करना आज की आध्यात्मिक जरूरत है।शिव ही जीव और जगत हैं।

## बेगूसराय बॉल बैडमिंटन के दो खिलाड़ियों को मिलेगा मेजर ध्यानचंद खेल पुरस्कार

**बीहट/बेगूसराय/संवाददाता।** बिहार सरकार कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा आयोजित खेल सम्मान समारोह जो 5 सितंबर को पटना ज्ञान भवन में आयोजित होगा।इस खेल सम्मान समारोह में बिहार के वैसे खिलाड़ियों को यह सम्मान दिया जाता है।जिन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिहार के लिए पदक जीता हो।इस बार बेगूसराय बॉल बैडमिंटन के दो खिलाड़ी शामिल है।जिसमें बालिका वर्ग मे इब्राहिमपुर टोला निवासी रामानुज दास की पुत्री पूनम कुमारी,वहीं बालक वर्ग में जागीर टोला निवासी डोमन शाह के पुत्र छोटू कुमार को यह सम्मान दिया जाएगा।यह जानकारी बेगूसराय बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव विकास कुमार ने दिया।उन्होंने बताया कि बेगूसराय बॉल बैडमिंटन के खिलाड़ी लगातार सात वर्षों से खेल सम्मान मिलता रहा है।पुनम कुमारी ने महाराष्ट्र में आयोजित 69 वीं राष्ट्रीय सिनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था। वहीं छोटू कुमार पटना में आयोजित 68 वीं राष्ट्रीय जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीता था।दोनों खिलाड़ियों का खेल सम्मान मिलने पर बेगूसराय बॉल बैडमिंटन के अध्यक्ष विकास कुमार सिंह,नगर परिषद बीहट के मुख्य पार्षद बबीता देवी,उप मुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार,मिथिलांचल संगीत महाविद्यालय एवं मिथिलांचल कला मंच के निदेशक अशोक पासवान,मध्य विद्यालय बीहट के प्रधानाध्यापक रंजन कुमार,मध्य विद्यालय बीहट एवं किलकारी कोऑर्डिनेटर अनुपमा सिंह, भाजपा किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, नगर परिषद बीहट के पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, पूर्व एमएलसी भूमिपाल राय सहित अन्य ने बधाई दिया।

# पढ़ने-पढ़ाने का काम आज संकट में : एमएलसी

### गंगा ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स एजूकेशन में शिक्षक दिवस पर दो दिवसीय सेमिनार आयोजित

### डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अद्वैत वाले सिद्धांत से अपनी फिलॉस्फी की पृष्ठभूमि की थी तैयार




**बेगूसराय/संवाददाता।** गंगा ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन रमजानपुर में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर दो दिवसीय सेमिनार का बुधवार को उद्घाटन किया गया।सेमिनार का उद्घाटन दरभंगा स्नातक क्षेत्र के विधान पार्षद सर्वेश कुमार,राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के सम्मानित संतकुमार सहनी, बीएमए कॉलेज दरभंगा के शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ संजीत कुमार द्विवेदी,एफएएटीटी कॉलेज दरभंगा के प्राचार्य डॉ शशिभूषण राय, जीजीआईएमएस की प्राचार्या डॉ सुधा झा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।सेमिनार के पहले दिन उपस्थित प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए एमएलसी सर्वेश कुमार ने कहा कि आज पढ़ने-पढ़ाने का काम संकट में आ चुका है।इस काम को हम नहीं करेंगे,आप नहीं करेंगे और समाज नहीं करेगा तो न ही स्प्रीचुअल प्रोग्रेस होगा न मैटेरियल प्रोग्रेस।आज देखने में आता है कि नौकरी के बिना शिक्षा और रोजगार के बिना शिक्षा को कोई महत्व नहीं रह गया है।नौकरी पाने के बाद अधिकांश लोग पढ़ना छोड़ देते हैं और जिन्हें नौकरी नहीं लगती वो भी नहीं पढ़ते हैं।ऐसा नहीं होना चाहिए।उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अद्वैत वाले सिद्धांत से अपनी फिलॉस्फी की पृष्ठभूमि तैयार की थी।सेमिनार को संबोधित करते हुए संत कुमार सहनी ने कहा कि हमें खुद का मूल्यांकन करना सीखना होगा। जब हम सीख जाएंगे तो समस्याएं ही नहीं रहेंगी। समस्याओं का समाधान ढूंढना सीख गए तो यकीन मानिए आप उस दिन कुशल शिक्षक बन जाएंगे।बच्चों को पढ़ाना या उन्हें योग्य बनाना आटा गूथने जैसे है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को नई शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तार से बताया।डॉ सुजीत कुमार द्विवेदी कि सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन ने नैतिक शिक्षा पर बल दिया था। नैतिकता व धार्मिकता पर दिया था।गांवों में शिक्षा देने पर बल दिया था।आज के शिक्षा नीति में कई बातों को समावेश किया गया है जिसको लेकर राधाकृष्णन ने वर्षो पूर्व सुझाव दिया था। उन्होंने 40 वर्षो तक शिक्षक के रूप में बीताया।एफएएटीटी कालेज दरभंगा के प्राचार्य डॉ शशि भूषण राय ने कहा कि राधाकृष्णन जी जैसे लोग कभी नहीं मरते।उन्होंने देश में शिक्षा व्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण विचार व सुझाव दिए थे।लेकिन यह बात भी किसी से छिपी नहीं है कि हमारी शिक्षा व्यवस्था जहां होनी चाहिए था वहां हम नहीं पहुंच पाए हैं। सरकार बदलती है शिक्षा नीति बदल जाती है।

## शिव शिष्य साहब श्री हरिन्द्रानंद जी की पुण्यतिथि पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

**भगवानपुर/बे.सं।** जब-जब युग का अवसान होता है तब-तब इस धरा धाम पर शिव शिष्य का आविर्भाव होता है।इस कलयुग के अंत में यानी नवयुग यानि शिव युग के निमार्ता के रूप में शिव शिष्य साहब श्री हरीन्द्रानंद जी का अवतरण 31 अक्टूबर 1948 ई को विश्वगुरु भारत के धरा धाम पर हुआ था, जिन्होंने आगे चलकर शिव आज भी गुरु हैं लोगों को बताया।उक्त उद्गार अमरपुर बरौनी में आयोजित साहब श्री हरीन्द्रानंद जी के पुण्यतिथि के अवसर पर शिव शिष्य संजय भाई ने उपस्थित शिव शिष्य भाई बहन को संबोधित करते हुए व्यक्त किया।उक्त अवसर पर उपस्थित गुरु भाई लाल बाबु ने कहा कि युगपुरुष साहब श्री का सम्पूर्ण जीवन यात्रा जन-जन के हृदय में शिवगुरु नाम का दीया जलाने में बीता ताकि सम्पूर्ण विश्व के मानव का हृदय आलोकित हो उठे,उक्त संकल्प के निमित्त उनका हर पल प्रतिपल समर्पित रहा है।वहीं उक्त अवसर पर उपस्थित अन्य शिष्यों ने श्री साहब जी के समर्पण व संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए अन्य लोगों को भी शिव गुरु से जोड़ने, असहाय को सहायता करने, सामर्थ्य भर भूखे को भोजन कराने,अनाथ बच्चे को सहायता पहुंचाकर उत्साहित करने तथा वृक्ष लगाकर उसका संरक्षण करने का संकल्प लिया। विदित हो कि साहब श्री 4 सितंबर 2022 को शरीर का त्याग कर शिवलीन हुए थे।उक्त अवसर पर शिव शिष्यों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भजनों आदि के माध्यम से याद किया।

**कुंदन मिनरल्स एंड मेटल्स लिमिटेड**
(पूर्व में ईस्टर्न शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
CIN: L24205BR1964PLC006630
पंजीकृत कार्यालय: पोस्ट ऑफिस हनुमान शुगर मिल्स, मोतिहारी, पी.एस. - मोतिहारी, पूर्वी चंपारण
बिहार - 845401
ईमेल आईडी: info@easternsugar.in; वेबसाइट: www.easternsugar.in

**वार्षिक आम बैठक के लिए शेयरधारकों को सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि **कुंदन मिनरल्स एंड मेटल्स लिमिटेड** ("कंपनी") के सदस्यों की **वार्षिक आम बैठक ("एजीएम")** सोमवार, 30 सितंबर, 2024 को दोपहर 12 बजे (आईएसटी) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों ("ओएवीएम") सुविधा के माध्यम से कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बनाए गए नियमों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के सभी लागू प्रावधानों के अनुपालन में, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए") और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") द्वारा जारी मामलों पर लागू परिपत्रों के साथ पढ़ी जाएगी। एजीएम बुलाने वाले नोटिस में निर्धारित व्यवसाय का लेन-देन करने के लिए। इलेक्ट्रॉनिक साधन/वीसी सुविधा नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") द्वारा प्रदान की जाती है। इलेक्ट्रॉनिक माध्यम/वीसी सुविधा के माध्यम से बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अनुसार कोरम के उद्देश्य से गिना जाएगा। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक रिपोर्ट और एजीएम बुलाने की सूचना उन शेयरधारकों को ईमेल के माध्यम से भेजी जाएगी जिनकी ईमेल आईडी कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डीपी) के साथ पंजीकृत हैं। उपरोक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.easternsugar.in और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट, यानी बीएसई लिमिटेड ("बीएसई") और एनएसई लिमिटेड ("एनएसई") की वेबसाइट www.bseindia.com और www.nseindia.com पर और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध होंगे।

**ई-मेल पता पंजीकृत/अपडेट करने का तरीका:-**

भौतिक रूप में शेयर: भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारक info@easternsugar.in पर या कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए") पूर्वा शेयर रजिस्ट्री (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड को mdpldc@yahoo.com पर अनुरोध भेजकर कंपनी के साथ ईमेल पता पंजीकृत/अपडेट कर सकते हैं, जिसमें फ़ोलियो नंबर, पूरा नाम और संपर्क विवरण का उल्लेख हो।
डीमैट/इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखे गए शेयर: डीमैट/इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखे गए शेयरों के मामले में, हम आपसे अनुरोध करते हैं कि कृपया अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) के साथ अपना ईमेल पता पंजीकृत करें, यदि अभी तक पंजीकृत नहीं किया है। अपने ईमेल में परिवर्तन के मामले में, कृपया अपने डीपी के साथ नया ईमेल पंजीकृत/अपडेट करें।

**ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने का तरीका:-**

सदस्य एजीएम नोटिस में निर्धारित सभी प्रस्तावों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम (ई-वोटिंग) के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। ई-वोटिंग के लिए विस्तृत निर्देश एजीएम नोटिस में दिए गए हैं, जो निर्धारित मोड के माध्यम से भेजा जा रहा है। एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोट नहीं डाला है, वे एजीएम के दौरान वोट (ई-वोटिंग) डाल सकेंगे।
ई-वोटिंग से संबंधित विस्तृत निर्देशों और एजीएम में भाग लेने के लिए तकनीकी सहायता के लिए, सदस्य कृपया एजीएम नोटिस में दिए गए नोट देख सकते हैं। ई-वोटिंग के बारे में किसी भी मार्गदर्शन या शिकायत के लिए, सदस्य https://www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और सदस्यों के लिए ई-वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं या टोल फ्री नंबर 022-4886-7000 पर कॉल कर सकते हैं या info@easternsugar.in पर कंपनी सचिव श्री दीपक सिंह भंडारी से संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक: 04 सितंबर, 2024
स्थान: दिल्ली

**कुंदन मिनरल्स एंड मेटल्स लिमिटेड के लिए**
**दीपक सिंह भंडारी**
**कंपनी सचिव**

# किसान महापंचायत को सफल बनाने के लिए किसानों को किया जा रहा गोलबंद

**बेगूसराय/संवाददाता।** बेगूसराय में किसान महापंचायत को सफल बनाने के लिए 50 हजार किसानों को गोलबंद किया जाएगा।सर्वे के नाम पर किसानों की लूट बंद करने,गांव-गांव में किसानों को गोलबंद करने हेतु किसान जागरण यात्रा निकाली जाएगी।जीरोमाईल से एक हजार ट्रैक्टर का मार्च निकलेगा।आगामी नवंबर के आखिरी सप्ताह में या फिर दिसंबर के प्रथम सप्ताह में किसान महापंचायत का आयोजन किया जायेगा।उसे सफल बनाने व किसानों की सदस्ता अभियान चलाने को लेकर बुधवार को तेघड़ा प्रखंड के किसानों की बैठक गौड़ा-2 स्थित पूर्व मुखिया अशोक सिंह के ड्राम फक्ट्री में की गई।जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया भोला सिंह सह सचिव तेघड़ा प्रखण्ड किसान सभा ने की।जबकि संचालन किसान नेता दिनेश सिंह ने किया।इस संबंध में किसान नेता दिनेश सिंह,अशोक प्रसाद सिंह महासचिव बिहार राज्य किसान सभा ने कहा कि बिहार में फसल बीमा पुनःलागू करने,किसानों के सभी प्रकार की कर्ज माफ करने, 60 वर्ष से अधिक उम्र के सभी किसानों को 10,000 रुपए मासिक पेंशन, एमएसपी की कानूनी गारंटी,प्रति लीटर दूध पर 10 रुपए सब्सिडी और कॉपोरेट भगाओ खेती बचाओ, कॉपरेटिव बचाओ की मांग को लेकर किसानों का महापंचायत बेगूसराय में की जाएगी।इसी को सफल बनाने के लिए बुधवार को गौड़ा स्थित पूर्व मुखिया अशोक सिंह के डेरा पर तेघड़ा के किसानों की एक बैठक की गई।जिसमें उक्त किसान महापंचायत में कमसे कम 50 हजार किसानों के भाग लेने के लिए पुरे बेगूसराय में किसानों का सदस्यता अभियान चलाया जाएगा।उन्होंने कहा कि आयोजित होने वाले उक्त किसान महापंचायत में किसान हजारों ट्रेक्टर लेकर पहुंचेंगे।उन्होंने कहा कि किसान महापंचायत को सभी राष्ट्रीय किसान नेता भाग लेगें।मौके पर मुखिया चंद्रभूषण सिंह,मुखिया पंकज पासवान,पूर्व मुखिया अशोक सिंह,पैक्स अध्यक्ष संधीर कुमार उर्फ झुना सिंह,अशोक राय,मुरारी यादव,दीपक सिंह, सरोज कुमार समेत कई किसानों ने अपना बहुमूल्य सुझाव दिए।सैकड़ो ने इस कार्यक्रम मे भाग लिया।



**भौतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चौथी मंजिल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता– 700020. CIN नंबर: L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।
कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | (कर्ज़दार) राम इकबाल साह और (सह-कर्ज़दार) सोनेलाल साह और पिंकी देवी और दिनेश साह और जलेश्वरी देवी और (बंधककर्ता) राम इकबाल साह और सोनेलाल साह/ पुत्र स्वर्गीय योगराज साह, ग्राम- सिंगाही, पी.एस.- पिपराही, पी.ओ-बेलवा, बिहार, शिवहर- 843334/ 256305000927 | मौजा- सिंगाही इंद्रवा, थाना नंबर 123, थाना पिपराही और जिला- शिवहर, खाता नंबर 163, खसरा नंबर 1940 (क्षेत्रफल- 10.50 दशमलव)/ भौतिक कब्जे की तिथि 29/08/2024 | 31/05/2023 रु. 21,94,498/- | शिवहर (बिहार) |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार(रों)/सह-कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् कब्जे की संपत्ति(याँ) नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : सितंबर 05, 2024**
**स्थान : शिवहर (बिहार)**

**भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए**